दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 77 मुरादाबाद 12 July 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## एक ही वर्ग की आबादी बढ़ने से अराजकता होगी, जनसंख्या का असंतुलन नहीं होना चाहिए: योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक ही वर्ग की आबादी बढ़ने से अराजकता होगी। जनसंख्या का असंतुलन नहीं होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि जिन देशों की जनसंख्या ज्यादा होती है वहां जनसांख्यकीय असंतुलन चिंता का विषय बनता है। क्योंकि रिलिजियस डेमोग्राफी पर विपरीत असर पड़ता है तो एक समय के बाद वहां अव्यवस्था, अराजकता जन्म लेने लगती है। इसलिए जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रयासों से सभी मत मजहब, वर्ग, सम्प्रदाय पर एक समान रूप से जोड़ा जाना चाहिए। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर सोमवार को लखनऊ में सीएम आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री योगी ने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा की शुरुआत करते हुए एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। सीएम योगी ने कहा कि जब बात परिवार नियोजन की हो, जनसंख्या स्थिरीकरण की हो तो हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास सफलतापूर्वक जरूर हों, लेकिन कहीं भी जनसांख्यकीय असंतुलन की स्थिति न पैदा होने पाए। ऐसा न हो कि किसी एक वर्ग की आबादी बढ़ने की स्पीड ज्यादा हो और जो मूल निवासी हों, उन पर जनसंख्या स्थिरीकरण की कोशिशों से, इंफोर्समेंट से और जागरुकता प्रयासों से उनकी आबादी को नियंत्रित कर दिया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने बीते 05 वर्ष में बेहतरीन परिणाम दिए हैं।

मैटरनल एनीमिया में आज यह 51.1% से घटकर 45.9% रह गया है। 05 वर्ष में फुल इम्यूनाइजेशन 51.1% से बढकर लगभग 70त्न तक पहुंच गया है। संस्थागत प्रसव की दर जो पहले 67-68% थी, वह आज 84% की ओर जा रहा है। मातृ-शिशु मृत्यु दर को नियन्त्रित करने की कोशिशों के अच्छे परिणाम मिले हैं। अंतर विभागीय समन्वय और जागरूकता की कोशिशों से प्रदेश अपने लक्ष्यों में निश्चित ही सफल होगा।।

## ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी केस में सुनवाई आज, हिंदू पक्ष ने किया ट्रस्ट का ऐलान, बताया कौन होगा शामिल



वाराणसी- काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में ज्ञानवापी मस्जिद और श्रृंगार गौरी मंदिर केस में कल 12 जुलाई को सुनवाई होनी है। इससे पहले हिंदू पक्ष ने इस मामले पर एक ट्रस्ट बनाने का ऐलान किया है ट्रस्ट का उद्घाटन 11 जुलाई की शाम को किया जाएगा। इसका नाम श्री आदि महादेव काशी धर्मालय मुक्ति न्यास रखा गया है। ट्रस्ट को कोर्ट के मामले को देखने की जिम्मेदारी दी जा रही है। 11 जुलाई को शाम 5 बजे मलदहिया स्थित निजी रेस्टोरेंट में इसका उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन के लिए चारों वादी महिलाओं और हिंदू पक्ष के सभी वकील मौजूद होंगे। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील हरिशंकर जैन, उनके पुत्र विष्णु जैन, हाईकोर्ट की वकील रंजना अग्निहोत्री और अन्य लोग भी होंगे। इसके उद्घाटन कार्यक्रम में 5 अतिथि, 11 ट्रस्टी, 21 सम्मानित ट्रस्टी और 4 वादी महिलाएं ही शामिल होंगी। केस के लिए होने वाले खर्च को भी ट्रस्ट उठाएगा। वर्तमान में केस की मेरिट पर सुनवाई चल रही है। मुस्लिम पक्ष अपनी दलीलें पेश कर रहा है। 12 जुलाई को मुस्लिम पक्ष की पेश की गई दलीलें पूरी हो जाएंगी, तब हिंदू पक्ष अपने दावे पेश करेगा। कोर्ट फैसला करेगा कि केस सुनवाई योग्य है या नहीं। वहीं ज्ञानवापी केस में संबंधित शिवलिंग आकृति आदिविश्वेश्वर को लेकर सिविल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें हिंदू पक्ष ने अपने प्रार्थना पत्र में टाइपिंग मिस्टेक का हवाला देकर संशोधन की अनुमति मांगी। कोर्ट ने प्रार्थना पत्र संशोधन के निस्तारण की अगली तारीख 14 जुलाई रखी है।

## सपा गठबंधन में गांठ: अब अखिलेश यादव से आर-पार के मूड में ओपी राजभर, मिलकर पूछेंगे सीधा सवाल



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ( सुभासपा ) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बीच बढ़ती नाराजगी दोनों पार्टियों के गठबंधन के टूटने की ओर इशारा कर रही है। इसी बीच राजभर सोमवार को कहा कि वह अखिलेश यादव से मुलाकात करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को सपा नेता व अखिलेश के करीबी उदयवीर सिंह से फोन पर बात की और उन्हें उनसे मुलाकात व बातचीत की अपनी मंशा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अखिलेश से मुलाकात करके पूछेंगे कि विपक्षी दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित क्यों नहीं किया गया। बता दें कि राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 18 जुलाई को होना है। मतदान में सुभासपा की भूमिका को लेकर असमंजस बना हुआ है क्योंकि पार्टी प्रमुख ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) से राजभर की नजदीकी की अटकलें तेज हो गई हैं और यह भी कयास लग रहे हैं कि राजभर सपा से दूर हो सकते हैं। सोमवार को राजभर ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकार के परिवहन राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर उनके पिता के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा की गुरुवार को पत्रकार वार्ता हुई थी। सपा ने इस पत्रकार वार्ता में गठबंधन के एक अन्य सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल ( रालोद ) के प्रमुख जयंत सिंह को तो बुलाया था, लेकिन सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर इसमें नजर नहीं आए थे। राजभर ने कहा कि वह सपा प्रमुख से मिलकर यह जानना चाहते हैं कि आखिरकार उन्हें विपक्षी दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के कार्यक्रम में आमंत्रित क्यों नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि वह 12 जुलाई तक अखिलेश के रुख का इंतजार करेंगे और फिर अपने निर्णय की घोषणा करेंगे। राजभर ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के समर्थन पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त करने से इंकार किया। 100 दिन के कार्यकाल में भाजपा ने सिर्फ नफरत फैलाने का काम किया है।

## एक-एक थाने की रेटिंग करेगी पब्लिक, डॉयरेक्ट पोल से बताएगी कैसा काम कर रही पुलिस

यूपी पुलिस अपनी छवि सुधारने पर खासा जोर दे रही है। इसके लिए पुलिस फीडबैक जनता से ले रही है। गोरखपुर में जिला पुलिस के बाद अब थानों की पुलिस के कामों की समीक्षा जनता करेगी। जनता थानों की पुलिस के कामकाज को ध्यान में रखते हुए अपनी रेटिंग भी देगी। एडीजी की इस पहल को अब एसएसपी गौरव ग्रोवर ने थानावार लागू कर दिया है। एसएसपी ने पब्लिक से यहां के सभी थानों का फीडबैक मांगा है। इसके लिए पुलिस की ओर से आनलाइन पोलिंग की व्यवस्था शुरू की है। जिसके जरिए कोई भी व्यक्ति गोरखपुर पुलिस ही नहीं बल्कि यहां के सभी थानों के बारे में फीडबैक दे सकता है। ताकि यह पता चल सके कि आम पब्लिक के लिए थानावार पुलिस के प्रति क्या राय है।

### 11 से 17 जुलाई तक करें पोल

एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बताया कि गोरखपुर पुलिस की थानावार पोलिंग 11 जुलाई से शुरू होकर 17 जुलाई तक चलेगी। इसके जरिए आम पब्लिक के बीच पुलिस और थानों के प्रति क्या राय है, इसके लिए पब्लिक के लिए अब डॉयरेक्ट पोल लिंक और ट्वीटर पोल लिंक उपलब्ध कराए गए हैं। जिसपर आम पब्लिक थानावार अपनी राय दे सकती है। एसएसपी ने बताया कि पोल खत्म होने के बाद जो पब्लिक का रिजर्ल्ट होगा, उसके आधार पर आगे पुलिस में सुधार किया जाएगा।

### 4 तरह के मिलेंगे ऑप्शन

पोल लिंक पर क्लिक करते ही आपको 4 तरह के ऑप्शन मिलेंगे। पहला अतिउत्तम,दूसरा उत्तम, तीसरा साधारण और चौथा ऑप्शन खराब का होगा। उसी के मुताबिक आप उस थाने के लिए पोल कर सकते हैं।

# बकाया वाहन स्वामियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया है कि शासन द्वारा पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों पर देय शास्ति ( विलम्ब शुल्क ) में छूट प्रदान करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की गयी है इस योजना के अन्तर्गत बकाया वाहन स्वामियों को सहायक सम्मानीय परिवहन अधिकारी ( प्रशासन ) के समक्ष रूपये 1000/- की धनराशि के आवेदन शुल्क के साथ 27 जुलाई, 2022 तक आवेदन कर सकते है। इस योजना का लाभ वह वाहन स्वामी भी उठा सकते हैं, जिनके विरुद्ध बकाया कर एवं शास्ति की वसूली प्रमाण-पत्र जारी कर दिया गया हो। ऐसे वाहन स्वामी जिनकी वाहन को वित्त पोषक के द्वारा कब्जे में ले लिया गया हो। जिनके कर सम्बन्धी प्रकरण मा0 न्यायालय/ उप परिवहन आयुक्त ( यात्रीकर ), उ0प्र0, लखनऊ के समक्ष लम्बित हो। ऐसे समस्त परिवहन यान जिनके स्वामी अथवा विधिक उत्तराधिकारी के विरूद्ध उक्त अधिसूचना अधिसूचित होने के शारित हेतु वसूली प्रमाण-पत्र निर्गत किये गये हो। वित्त पोषक भी उनके द्वारा कब्जे में लिये गये वाहनों के लिए इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के अन्तर्गत वाहनों के प्रति बकाया कर की धनराशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में जमा किया जा सकेगा। यदि वाहन स्वामी सम्पूर्ण बकाया धनराशि को एकमुश्त जमा करना चाहता है, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आदेश के दिनांक से 30 दिन के भीतर सम्पूर्ण धनराशि जमा कर सकते है। यदि किश्तों में जमा करना चाहते है तो आदेश जारी करने के दिनांक से प्रथम किश्त 21 दिन के भीतर ( बकाया कर का 50 प्रतिशत ), द्वितीय एवं तृतीय किश्त क्रमशः 28 व 35 दिन के भीतर ( बकाया कर का 25-25 प्रतिशत ) जमा करना होगा। यदि परिवहन यान के स्वामी द्वारा निर्धारित समय सीमा में बकाया कर जमा नहीं किया जाता है, तो उक्त यान के स्वामी पर 50 रूपया प्रतिदिन की दर से विलम्ब शुल्क आरोपित किया जायेगा।

अधिसूचना द्वारा उक्त छूट हेतु निर्धारित समयावधि अर्थात तीन माह पूर्ण होने के पश्चात् यदि परिवहन यान के स्वामी द्वारा सम्पूर्ण बकाया धनराशि जमा नहीं की जाती है, तो सम्बन्धित परिवहन यान के स्वामी पर देय बकाया कर व शास्ति अधिसूचना निर्गत होने के पूर्व देय बकाया कर व शास्ति के अनुरूप होगा अर्थात उक्त यान के स्वामी को अधिसूचना के अन्तर्गत दी गयी छूट का लाभ प्राप्त नहीं होगा। यदि परिवहन यान के स्वामी द्वारा सम्पूर्ण बकाया की एक या दो किश्त जमा की जा चुकी है, तो उसके द्वारा की गयी आंशिक कर की धनराशि का समायोजन कुल बकाया देयों और शास्ति से किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री योगी बोले- बुंदेलखंड के विकास की धुरी बनेगा एक्सप्रेस-वे, 16 जुलाई को प्रधानमंत्री करेंगे लोकार्पण




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक्सप्रेस-वे बुंदेलखंड के विकास की धुरी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का 16 जुलाई को प्रधानमंत्री लोकार्पण करेंगे, उसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को कैथेरी स्थित एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा पहुंचे। यहां पर उन्होने प्रधानमंत्री के सभा स्थल, एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक करके तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के साथ चर्चा में कहा कि एक्सप्रेस-वे बुंदेलखंड के विकास की धुरी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण के लिए बुंदेलखंड का हर वासी उतावला है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे से बुंदेलखंड के सभी जिलों का विकास होगा। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री का जो सपना है कि यहां डिफेंस प्रोडक्शन कॉरिडोर बने, उसका भी विकास होगा। झांसी और चित्रकूट में बनने वाले डिफेंस कॉरिडोर इसी के तहत आते हैं, हम लोग उसे भी आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जब इस एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास किया था, उसके बाद से पूरी दुनिया कोरोना से जूझ रही है, उसके बावजूद रिकॉर्ड समय में उत्तर प्रदेश सरकार ने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को पूरा किया है।

# रालोद चीफ जयंत चौधरी का विधायकों को निर्देश, अपनी निधि का 35 फीसदी दलितों पर खर्च करें



राष्ट्रीय लोकदल ( रालोद ) के अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने पार्टी के सभी विधायकों को अपनी विधायक निधि का 35 प्रतिशत धन दलितों के कल्याण पर खर्च करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रवक्ता अनिल दुबे ने सोमवार को बताया कि इस संबंध में जयंत चौधरी ने रालोद विधानमंडल दल के नेता राजपाल बालियान को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा कि रालोद के सभी कार्यकर्ता सामाजिक न्याय में अटूट विश्वास रखते हैं और मेरा मानना है कि जब तक समाज के कमजोर, वंचित तबके तक अधिक से अधिक सरकारी योजना का लाभ न पहुंचे, तब तक बड़े सामाजिक सुधार और सकारात्मक परिवर्तन संभव नहीं है। जयंत चौधरी ने कहा कि इसी उद्देश्य से मैंने विचार किया है कि हमारे दल के विधायकों की जो क्षेत्रीय विकास निधि है, उसमें 35 प्रतिशत से अधिक आप अपने क्षेत्र में अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए खर्च करेंगे। उन्होंने विधानसभा में दलितों, पिछड़े वर्ग के मुद्दों को लगातार सदन में उठाने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभी हाल में विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों को मिलने वाली विधायक क्षेत्र विकास निधि तीन करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये कर दी है। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यों वाली विधानसभा में राष्ट्रीय लोकदल के आठ विधायक हैं। रालोद ने हाल के विधानसभा चुनाव को समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर लड़ा था।

# दहेज हत्यारोपी गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती मय थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण पर थे कि थाना इकौना पर पंजीकृत मु0अ0स0 168/2022 धारा 498,304B IPC व ¾ डीपी एक्ट से संबंधित अभियुक्त राम बहादुर पुत्र सुख राम निवासी ग्राम टेडवा दा0 जगरावलगढी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया।

# सरयू नहर में नहाने गए 5 युवक डूबे, तीन को बचाया; दो की मौत

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में सोमवार को सरयू नहर में नहाने गए पांच युवक तेज धारा में बहने लगे। आनन फानन में ग्रामीणों ने तीन युवकों को बचा लेकिन दो अन्य की डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पंचनामा कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, इस घटना के बाद मृतक युवकों के घर में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार जुडिकुइया गांव के पास बह रही सरयू नहर में सोमवार को पांच युवक नहाने गए थे और अचानक तेज धारा में पांचों युवक बहने लगे। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने तीन युवकों को कड़ी मशक्कत के बाद बचा लिया लेकिन सोनू ( 24 ) और फैजान ( 28 ) की डूबकर मौत हो गई। थानाध्यक्ष आलोक राय ने बताया कि दोनों युवकों के शव बरामद करके एवं पंचनामा कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक एस पी यादव ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात करके उन्हें हर सम्भव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने सरकार से मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

# आगरा में सामने आया लेडी लव जिहाद, 30 साल की मंतशा पर 18 साल की अदिति को भगाने का आरोप

अबतक देशभर में लव जिहाद के मामले सुनने को मिलते थे लेकिन ताजनगरी आगरा में पहली बार %लेडी लव जिहाद% का मामला सुनने को मिल रहा है। मुस्लिम लड़की पर हिंदू युवती को भगाकर ले जाने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक ये घटना करीब चालीस दिन पहले की है। युवती के परिवार के मुताबिक उनकी लड़की का अबतक कोई सुराग नहीं लगा है। जानकारी के मुताबिक जगदीशपुरा स्थित आवास विकास कॉलोनी में रहने वाले विकास कुमार की 18 साल की बेटी अदिति ने हाल ही में हाई स्कूल की परीक्षा पास की है। विकास कुमार के घर के सामने शकीलउद्दीन का परिवार रहता है जो पेशे से पार्किंग ठेकेदारी का काम करता है। शकीलुद्दीन की 30 साल की बेटी मंतशा की शादी नहीं हुई है और अदिति और मंतशा की गहरी दोस्ती थी। दोनों लड़कियां थी तो घरवाले भी उनकी दोस्ती का विरोध नहीं करते थे। विकास कुमार के मुताबिक 17 मई को अदिति बड़ी बेटी के लिए दरवाजा खोलने के लिए गई और फिर वापस नहीं लौटी। घरवालों की काफी तलाश के बाद भी वो नहीं लौटी। इलाके के सीसीटीवी कैमरे की जांच में अदिति मंतशा का हाथ पकड़कर जाते हुए दिखी। पहले तो शकीलुद्दीन इस बात से इनकार करता रहा लेकिन बाद में उसने बताया कि उसकी बेटी भी गायब है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बेहतर माईक्रो प्लानिंग करें स्वास्थ्य विभाग-जिलाधिकारी



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के साथ ही नियमित टीकाकरण, सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान-4 एवं कोविड-19 टीकाकरण के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय टास्कफोर्स बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने नेशनल हेल्थ मिशन, डिस्ट्रिक्ट टास्कफोर्स, नियमित टीकाकरण आदि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहनता पूर्वक बिन्दुवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और अधिक जनोन्मुखी बनाने एवं गुणात्मक सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में वेक्टरजनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा में पाया गया कि अब तक 140097 घरों को लार्वा ब्रीडिंग के लिए देखा गया है तथा 99609 देखे गये घरों में कंटेनरों की जांच की गयी है। इसके अतिरिक्त 9014 आशाओं तथा 508 मलेरिया स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया है तथा 7955 वार्डो/ग्रामों में आई0ई0सी0 प्रचार-प्रसार की गतिविधियां की गयी। इसके अतिरिक्त 2301 वार्डो/ग्रामों में लार्वीसाइड स्प्रे किया गया है तथा 717 वार्डो/ग्रामों में फागिंग की गयी है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 39 उप स्वास्थ केन्द्र इकाइयां प्रसव कराये जाने के लिए क्रियाशील हैं तथा वर्तमान में प्रथम बार एफ0आर0ए0 सामुदायिक केन्द्र डिलारी में सीजिरियन प्रसव हुआ है तथा अप्रैल 2022 माह तें जनपद की जो रैंक प्रदेश में 53 नम्बर पर थी वह अब प्रदेश में 15वें स्थान पर हैं। बैठक में बिलारी केन्द्र की ओ0टी0 में टाइल्स लगवाने का भी निर्णय लिया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं डेटा अपलोडिंग के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कम्युनिटी प्रोसेस के अर्न्तगत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टरों के गुणवत्तापरक संचालन तथा स्वास्थ कार्यक्रमों के सुदृढीकरण हेतु एम्बूलेंस सेवाओं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गुणवत्ता मानकों के अनुरुप संचालित करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मातृ स्वास्थ एवं बाल स्वास्थ कर्यक्रम सहित परिवार नियोजन, टीकाकरण एवं विभिन्न राजकीय स्वास्थ कार्यक्रमों के जनोन्मुखी क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने नियमित टीकाकरण की समीक्षा करते हुए मण्डल में पूर्ण प्रतिरक्षण का प्रतिशत सबसे कम पाये जाने पर खेद व्यक्त करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कडे निर्देश दिए कि आगामी माहों में आयोजित होने वाले टीकाकरण पर विशेष रणनीति बनाकर गुणात्मक सुधार लाना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने पूर्ण प्रतिरक्षित बच्चों के टीकाकरण शत प्रतिशत सत्रों पर ड्यू लिस्ट, वैक्सीन व लाजिस्टिक तथा शत प्रतिशत सत्रों पर सुपरवाईजरी विजिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। नियमित टीकाकरण में बिलारी एवं कुन्दरकी स्थिति पिछले साल के एवरेज से नीचे रहने पर जिलाधिकारी ने विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाकर नियमित टीकाकरण में शतप्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। डिलारी में सुपरवाईजरी विजिट कम होने पर जिलाधिकारी ने एम0ओ0आई0सी0 से कारण जानते हुए सुपरवाईजरी विजिट को बढ़ाने के साथ ही सेसल इंटीकेटर को एम्प्रूव करने के निर्देश दिये हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रयास एवं रणनीति बनाकर नियमित टीकाकरण कवरेज बढाया जाये और किसी भी हॉल में जनपद का स्थान प्रदेश एवरेज से नीचे न रहें। सेशन इंडीकेटर अपडेटेड ड्यू लिस्ट, तथा वी0डब्ल्यू0आर0 में स्थिति खराब होने पर वहां के एम0ओ0आई0सी0 को ठीक प्रकार से कार्य कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान-4 में पर्यवेक्षण के दौरान नियमित सत्र आयोजित होते पाये गये तथा मोबीलाईजर की उपस्थिति व आई0ई0सी0 मेटेरियल की उपलब्धता पायी गयी तथा सभी विकास खण्डों व नगरीय क्षेत्रों में कोल्ड चैन सुदृढ पायी गयी। विकास खण्ड कुन्दरकी, बिलारी, मुरादाबाद नगर में ए0एन0एम0 के पास सत्र पर हबकटर की उपलब्धता मानक के अनुरुप नही पाये जाने तथा विकास खण्ड भोजपुर एवं मुरादाबाद नगर में ए0एन0एम0 के पास ऐनाफलैक्सिस किट की उपलब्धता शत प्रतिशत नही पायी जाने पर जिलाधिकारी ने आगामी अभियान में उक्त की पुनरावृत्ति पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये।

कोविड-19 कार्यक्रम के अर्न्तगत 12 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों का टीकाकरण पीछे होने पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूल खुल चुके तथा अभियान चलाकर टीकाकरण का लक्ष्य पूरा किया जाये। 60 प्लस आयु वर्ग में बिलारी, कांठ, कुन्दरकी प्रदेश एवरेज से नीचे होने पर जिलाधिकारी ने फर्स्ट एवं द्वितीय डोज में विशेष ध्यान देते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने चिकित्सकों की उपलब्धता, परिवार नियोजन कार्यक्रम, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, दवाओं की उपलब्धता, एम्बूलेंस सेवाओं की स्थिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना एवं टीकाकरण आदि की विस्तार से समीक्षा करते हुए ठीक प्रकार से कार्य कर दायित्वो का निष्ठापूर्वक निवर्हन करने के निर्देश चिकित्साधिकारियों को दिये हैं। जिलाधिकारी ने प्रसव इकाईयों पर संसाधन उपलब्ध करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डिलीवरी हो रही है वहां पर जो भी मैनपॉवर अथवा संसाधनों की आवश्यकता है सीएमओ वहां व्यवस्थाएं उपलब्ध करायें और ठीक प्रकार से पीएचसी पर सभी फैसिलिटी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। नियमित टीकाकरण में ड्यू लिस्ट खराब होने पर जिलाधिकारी ने अपडेट करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मच्छर से बचाव हेतु एंटीलार्वा को ग्राम सभाओं में भिजवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा सके। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0 गर्ग ने बैठक में उपस्थित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक सफल बनाने हेतु सहयोग की अपेक्षा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0एम0सी0 गर्ग, एसीएमओ, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजीव बेलवाल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 दीपक वर्मा, समस्त उप मुख्य चिकित्साधिकारी, नोडल अधिकारी, एनयूएचएम नोडल अधिकारी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रमुख अधीक्षक जिला पुरुष चिकित्सालय, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त चिकित्साधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एनएचएम मुरादाबाद, अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, डीएनसी, डब्ल्यूएचओ, कोरपीसीआई, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, डीपीएम रघुवीर सिंह, वीसीसीएम, यूएनडीपी व जेएसआई के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# दिनदहाड़े चोरों ने दो मकानों के चटकाए ताले



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- कस्बे में दिनदहाड़े बंद दो घरों को चोरों ने अपना निशाना बनाया। दिन में हुई लाखों की चोरी के बाद लोगों में रोष व्याप्त है। पीड़ित परिवार ने तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। नगर के कुन्दरकी-डींगरपुर मार्ग स्थित डॉ तहजीब सोमवार को अपने परिवार के साथ इमरतपुर फखरुद्दीन गए थे। ईद पर अपने घर का दरवाजा लॉक कर चले गए लेकिन दो घंटे के बाद ही पड़ोसियों का फोन आया कि उनके मुख्य दरवाजा का ताला टूटा है और सामान बिखरा हुआ है। यह सुन उनके होश उड़ गए और तुरंत घर पहुंचे। घर के अंदर का नजारा देख वह हक्के बक्के रह गए। अंदर कमरे में रखे अलमारी का ताला तोड़कर चोर लॉकर में रखी नकदी, आभूषण उठा ले गए जबकि थोड़ी ही दूर स्थित मो. इस्लाम अपने बच्चों के साथ कुर्बानी में शामिल होने संबंधियों के यहां गए थे। वह दोपहर दो बजे के बाद जब घर पहुंचे तो घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा और घर में रखा सारा सामान गायब था। उनके मुताबिक चोर 50 हजार नगदी, जेवरात चोरी करके फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और पीड़ितों की तहरीर लेकर कार्रवाई में जुट गई है। उधर दिनदहाड़े हुई वारदात से लोगों में भय का माहौल है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Police face to face

The drama played between Ghaziabad and Noida in Uttar Pradesh tells a new story of political use of the police. On Tuesday morning, news came that Chhattisgarh Police has reached the house of Zee News anchor Rohit Ranjan in connection with playing a wrong video about Congress leader Rahul Gandhi. Later it was learned that the Ghaziabad police had also reached there and an argument broke out between the two police forces. Within no time, the Noida Police reached there and took Rohit Ranjan into custody. Noida Police has also detained Ranjan in the same case in which Chhattisgarh Police had come to arrest him. Of course, the matter about which all this happened is serious in many ways.

In this, a video of Rahul Gandhi was used against him in the wrong context. It is possible that the video found on social media has been circulated without any investigation. However, the channel has also apologized for this. Still, should such legal action be taken? Is this a case in which the anchor should be directly arrested, that too without investigating at what stage whose fault was? The Supreme Court has said that bail is the right of any citizen and arrest should be an exception.


But our police force has been adept at making exceptions in any case. Such journalists and news anchors have come on the target, whose absconding cannot even be imagined. A few days ago, when the Delhi Police arrested Muhammad Zubair, the co-founder of Alt News, over a tweet of his four years old, the protestors did not question his arrest, but said that such a person was not arrested.

So why did you do them? Arrest is part of the legal process, which should be tried only in certain situations, but now it is being used to teach a lesson. Such arrests are directly or indirectly related to politics.“Apart from crime control, the police is now being used to straighten the political owl, for which the police of the states now reach anywhere in the country to arrest anyone. For this, rules and regulations and traditions have also been kept in abeyance. When Rohit Ranjan raised the question in his tweet that the police of Chhattisgarh has reached to arrest him without informing the local police, the Chhattisgarh police replied that there is no such rule.

For this, the police of the states have started getting confused among themselves. Especially the police of those states, where there are governments of opposing parties. Recently, Punjab Police arrested a BJP leader from Delhi in guerilla style without informing the local police, then on the way, Haryana Police rescued him and reached Delhi. We have seen a similar clash sometime back in the police of Bihar and Maharashtra also. This political abuse can be stopped only by police reform, but will any political party talk about this reform? The accountability of the police should be to the rules and regulations and not to the ruling parties.

## Neela is Akshara Singh's real life mother, many viewers of 'Tamarind' do not recognize her


The character of Aryan Singh Rathore's elder mother i.e. Neela in the TV show 'Imli' is becoming very popular these days. Neela's dialogue 'Neela Hai Hum' has become famous in every household. But do you know that Neelima Singh, who plays Neela in 'Imli', is the real life mother of Bhojpuri actress Akshara Singh in real life. Although Akshara Singh rarely shares pictures with her mother. Akshara shared mother's photo with Ranbir- But recently when she shared her mother's photo with Ranbir Kapoor, everyone was stunned. Because most of the people had no idea that this actress who plays Neela in Tamarind is none other than Akshara Singh's mother. Sharing this photo of her mother, Akshara has expressed her love for her in the caption.



Never take off your crown- Akshara Singh wrote in her post, 'Mother I love you very much and I am very proud of you. I have seen your struggle since childhood. Not only have I seen the climax of your struggle, but I have lived it. All I would like to say is that wear this crown with pride, adjust if needed but never take it off. You are amazing and no one can stop you. I wish I could be like my mother- Akshara Singh wrote in her post, 'I am saying this from my heart that if I become like my mother or even become half like her, then I will consider my life successful.' Many fans have reacted to Akshara's post and thanked her for loving her mother so much by giving her best wishes.

## Ranbir Kapoor used to take bath 20 times after shooting, used to abuse the director fiercely

The film has been in the news ever since the teaser of Ranbir Kapoor's 'Shamshera' was released. This film of Ranbir Kapoor and Vaani Kapoor is very special in many ways. Through this film, Ranbir Kapoor is going to be seen in the role of a period action hero for the first time and for the first time he will be seen playing a double role. This switch was not easy for Ranbir Kapoor, who has always been a chocolate boy on screen. Now he has revealed many funny things during the shooting of the film.“Ranbir used to take bath at least 20 times after going home – Ranbir Kapoor told that during the shooting of this film he had to take bath 20-20 times a day. Ranbir Kapoor told that the makers used to keep 10 to 15 kg of dust on the sets daily and they used to start blowing the dust as soon as the shooting started. That soil used to go into our eyes, ears and mouth and sometimes we could not even speak the dialogues. Had to go home and take bath at least 20 times, and even then the dust did not come out completely. Ranbir used to abuse the director in his mind- Ranbir Kapoor told that a lot of hard work has gone into the shooting of this film. He said that he had become so much troubled by the dust problem that he used to abuse the director in his mind. However, now when he sees all this hard work on screen, he feels that his and the entire team's efforts have come true. The dream of working with Sanjay Dutt has been fulfilled- Ranbir Kapoor has been seen working with Sanjay Dutt in a song in the film 'Sanju' but Ranbir's dream of doing the whole film with him was very old, which is the reason behind this film. completed through Let us tell you that the tuning of Ranbir Kapoor and Sanjay Dutt is very special and old. Because Ranbir understands Sanjay Dutt very well, that is why he was chosen for Sanju.





## मलावन क्षेत्र के गांव निगोह हसनपुर में बीते दिनों नाबालिग लड़की ( अनुसूचित जाति ) के साथ बलात्कार का मामला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना मलावन क्षेत्र के गांव निगोह हसनपुर में बीते दिनों नाबालिग लड़की ( अनुसूचित जाति ) के साथ बलात्कार का मामला आरोपी दो? बच्चों का पिता फरार, अभी तक नहीं हो पाई गिरफ्तारी कल आम आदमी पार्टी के नेताओं ने परिवार से की थी मुलाकात, परिवार को न्याय दिलाने का दिया था पूरा भरोसा, घटना के सम्बंध में आज भीम आर्मी के नेता परिवार के साथ जिलाधिकारी से करेंगे मुलाकात परिवार का आरोप आरोपी विशेष जाति से होने के कारण पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही। बड़ी तादाद में परिजन आज पहुंच रहे हैं डीएम,एसएसपी कार्यालय पर।

## राजकीय शोक या तिरंगे का अपमान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जलेसर तहसील में दो दिन लगा रहा उल्टा राष्ट्रीय ध्वज जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के निधन की खबर के बाद भारत में राजकीय शोक मनाया गया । लेकिन जलेसर तहसील प्रशासन शोक में कुछ इस कदर डूबा कि अपने ही राष्ट्र के ध्वज का अपमान कराता रहा । आँख बंद कर जिम्मेदारी निभाने वाले जिम्मेदारों का कारनामा कुछ इस तरह रहा कि पहले तो राष्ट्रीय ध्वज को उल्टा लगाया जिसे सही और गलत देखना मुनासिब ही नही समझा, नतीजा दो दिन तक तिरंगा उल्टा लगा रहा ।

## किसानों के सम्मान में भारतीय किसान यूनियन स्वराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडे मैदान में



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज- जनपद में कल दिनांक 12 जून समय 10 बजे भारतीय किसान यूनियन स्वराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडे के आवाहन पर प्रदेशभर के सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसमें कासगंज जनपद में राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडे व प्रदेश प्रभारी आशीष पांडे के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर केन्द्र सरकार के वादा खिलाफी, अग्निपथ,कृषि काले कानून वापिस के समय किसानों से मोदी सरकार ने वादा किया था कि बहुत जल्दी रूपरेखा कानून बनायेगी सरकार ने जिसपर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया इसी को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन शान्ति पुर्व तरीके से पुरे देश में किया जायेगा और अगर किसी भी जिला मुख्यालय पर किसी तरह का कोई उपद्रव हुआ तो उसका जिम्मेदार शासन और प्रशासन के लोग होंगे और सभी जिलों के जिम्मेदार पदाधिकारियों के द्वारा अपना ज्ञापन जिलाधिकारी के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम से दिया जायेगा सभी पदाधिकारी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने अपने जिला मुख्यालय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

## सीएम योगी के टैटू गुदवाकर सुर्खियों में आएं यामीन पहुंचे जेल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सीएम आदित्यनाथ योगी के टेंटू गुदवाकर रातों-रात सुर्खियों में यामीन सिद्दगी को पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में स्थिति बिगड़ने का डर था शांति भंग होने की आशंका थी। जिसके चलते उनपर कार्रवाई की गई है। थाना नयागांव के गांव सराय अगहत निवासी यामीन सिद्दगी ने रविवार को एक ट्वीट किया। इसमें उन्होने कसबा के ही दो लोगों से खुद को जान का खतरा बताया साथ ही फेसबुक पर भी एक पोस्ट की। जसरथपुर पुलिस ने मामले की जांच की। जांच में सामने आया कि नमाज के दौरान कहासुनी के बाद यामीन ने ही गाली-गलौज की थी। जांच में सामने आने के बाद पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया। बता दें कि कुछ दिन पहले यामीन ने शरीर पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का टेंटू गुदवाया था। जिसके बाद वह काफी सुर्खियों में आ गए थे। वह अपने-आप को योगी का फैन बताता था।

## दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी जलेसर इरफान नासिर खान के कुशल नेतृत्व में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सकरौली पुलिस द्वारा आज सोमवार को मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0 36/22 धारा 363, 376(त्र), 504, 354ग,506 भादवि में वांछित अभियुक्त रतन सिंह पुत्र फतेह सिंह निवासी तथामन थाना सकरौली को जलेसर आगरा रोड गढ़ी तीराया मार्ग से गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुऐ जेल भेजा जा रहा है !

## परिवार परामर्श केंद्र में 05 परिवारों को मिलाकर एक कराया गया।

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैम्पस स्थित नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र एटा में आज दिनांक 11.07.2022 को 05 परिवारों को मिलाकर एक कराया गया। पहला मामला रीता गुप्ता पुत्री सुरेश गुप्ता निवासी कैलाश गंज एटा व उसके पति शैलेश पुत्र प्रेमशंकर निवासी कैलाश गंज एटा के मध्य का है,दोनों में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। आज दोनो को बुलाकर उनके गिले शिकवे दूर कराकर फिर से मिला दिया गया। दूसरा मामला पूजा देवी पुत्री बलवंत सिंह निवासी नगला भज थाना अलीगंज व उसके पति राजीव कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी हीरानगर थाना जैथरा जनपद एटा के मध्य का है। दोनों की शादी 02 साल पहले हुई थी। दोनों में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। आज दोनो को बुलाकर उनके गिले शिकवे दूर कराकर समझौता कराया गया। आज की बैठक में काउंसलर अकरम खान, डॉ श्यामलता वेद, संजीव तिवारी, अनिल कुलश्रेष्ठ, सचेन्द्र गुप्ता के अलावा म0हे0का0 मिथलेश, मीना रानी, पूजा यादव व आरक्षी धर्मवीर सिंह के अलावा अन्य स्टाफ मौजूद रहा ।

## अलीगंज रोड पर डेढ़ घंटे तक जाम में फंसे रहे वाहन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अलीगंज रोड पर पर जाम लगने से वाहनों की लाइन लग गई। दोनों ओर वाहन खडे होने से परेशानी होने लगी। अधिकारियों ने भी जाम खोलने के लिए प्रयास किए। जब काफी देर तक जाम नहीं खुला तो करतला चौराहा पर वाहनों को जीटी रोड की ओर डायवर्ड कर दिया गया। काफी वाहनों को जीटी रोड से होकर एटा के लिए निकाला गया। इसके बाद भी फिर काफी संख्या में इधर उधर वाहन एकत्रित हो गए। दूसरी ओर आग लगने से बेटी की मौत होने से गांव में सन्नाटा छाया हुआ है। इस तरह की गांव में पहली बार कोई घटना हुई है। दूसरी ओर से गांव में इस घटना को लेकर कुछ सवाल भी उठ रहे है। पुलिस की टीमें इस मामले की जांच कर रही है। लड़की को जलाने के मामले में जांच की जा रही है। अभी कुछ अन्य तरह की भी सूचनाएं आ रही है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पूरी होने पर कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में सीवर कार्य को लेकर एडिशनल एसपी धनंजय सिंह कुशवाहा के बदले तेवर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एडिशनल एसपी धनंजय सिंह कुशवाहा ने जल निगम के अधिकारी व ठेकेदार को भेजा नोटिस, प्रदेश भर में 14 तारीख से शुरू हो रहे सावन माह व कावड़ यात्रा को देखते हुए थमाया नोटिस, शहर के जीटी रोड पर बस स्टैंड से लेकर हाथी गेट तक एक्साइड रोड पिछले कई महीनों बंद है, 14 जुलाई से कावड़ यात्रा भी हो रही है शुरू, एक तरफ का जीटी रोड का बंद होने से शहर भर में हर वक्त रहते है जाम जैसे हालत, 14 जुलाई से कावड़ यात्रा में निकलने वाले लोगो को भारी दिक्कत, वन साइड ट्रैफिक चलने से 24घंटे शहर में रहते है जाम के हालत तो कावड़ यात्रा निकलना मुश्किल, एडिशनल एसपी ने काम प्रति लापरवाही करने पर व ट्रैफिक व्यवस्था व कावड़ यात्रा को देखते हुए भेजा नोटिस, जल निगम ने 2 दिन के अंदर अगर कार्य जीटी रोड का पूरा नहीं किया तो संबधित अधिकारी व ठेकेदार पर होगी स्र्र्क्र-एडिशनल एसपी एडीएम प्रशासन आलोक कुमार ने भी व्यापारियों के साथ मिलकर जल निगम के ए ई रविंद्र कुमार से की बैठक, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अतुल राठी, राकेश वार्ष्णेय,गणेश वार्ष्णेय जीटी रोड पर अधूरे पड़े कार्य के मामले एडीएम प्रशासन से मुलाकत, एडीएम प्रशासन ने भी जल निगम के अधिकारियों को दिया अल्टीमेटम, कावड़ यात्रा को देखते हुए 2 दिन में जीटी रोड का काम करें पूरा-ष्श्रूजल निगम के श्र रविंद्र कुमार ने बताया, सोमवार को जीटी रोड पर कार्य पूरा हो जाएगा, शहर का जीटी रोड मंगलवार से पुन: चालू हो जाएगा ट्रैफिक!

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# मां बाप को मारते देख भाई ने भाई को डंडे से पीट पीटकर किया घायल इलाज के दौरान हुआ मौत , हत्या का मामला दर्ज

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिले के क्षेत्र चांदनी बिहार पुर के ग्राम पंचायत अन्तिकापुर के पठारी पारा में भाई द्वारा मां बाप को मारते थे भाई को डंडे से पीट पीटकर किया घायल , इलाज के दौरान हुआ मौत मां बाप को मार देते भाई को डंडे से पीट-पीटकर किया घायल इलाज के दौरान , आरोपी रामकरण पण्डो S/O अमर लाल पण्डो उम्र 20 वर्ष जाति पण्डोR/ अवंतिकापुर के पठारीपारा रामलाल पण्डो शिवपहरी म.प्र. से काम करके घर आया मुझे एवं मेरी पत्नी श्रीमती रामरती पण्डो को शराब के नशे में गाली गलौज कर बोला कि तुम जमीन का हिस्सा बटवार मेरे को दे दो नही तो घर में आग लगा दुंगा कहकर डण्डा से मारपीट करने लगा उसी समय मेरा लड़का रामकरण पण्डो काम करके ग्राम कोल्हुआ से घर आया मुझे एवं




मेरी पत्नी रामरती को मारपीट करते देख कर मेरा लड़का रामकरण बोला कि तुम मां बाप को क्यो मारपीट कर रहे हो तब रामलाल बोला कि तुम मना करने वाले कौन होते हो कहकर रामकरण को उठाकर पटक दिया तथा गला को दबाने लगा किसी तरह मेरा लड़का रामकरणस उठा और रामलाल से डण्डा को छीन कर उसी डण्डा से रामकरण पण्डो रामलाल को डण्डा सिर,हाथ,पीठ में मारा जिससे रामलाल जमीन पर गिर गया तो रामलाल पण्डो को मै रात में अपने घर पर ही रखा था दूसरे बिहारपुर अस्पताल ईलाज कराने ले गये बिहारपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार किये प्राथमिक उपचार के पश्चात डाक्टर साहब द्वारा जिला अस्पताल सूरजपुर के लिये रेफर कर दिये रेफर करने के पश्चात मै अपने लड़के राम लाल को सूरजपुर न ले जाकर अपने घर ग्राम अवंतिकापुर ले गया और घर मे ही देहाती ईलाज किये थे तबियत में सुधार नही होने पर शको जिला अस्पताल बैन ( ट्रामा सेन्टर ) म.प्र. ले गये अस्पताल में भर्ती करा कर ईलाज करा रहे थे कि ईलाज के दौरान मेरा लड़का रामलाल पन्डो हो गया मेरे लड़के राम लाल पण्डो की मृत्यु मेरे लड़के रामकरण पण्डो द्वारा डण्डे से मारपीट करने से आई चोटो के कारण हुई है रिपोर्ट करता हू कार्यवाही चाहता हू रिपोर्ट को पवा कर सुना जैसा बताया हू वैसे ही लिखी गई है रामकरण पण्डो के विरुद्ध धारा 302 द्बश्ब के तहत दर्ज कर जेल भेज दिया

# गौठानों में गोबर क्रेता व विक्रेता को सक्रिय करने की आवश्यकता- जिपं सीईओ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा



के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में गोधन न्याय की योजना की समीक्षा बैठक ली। बैठक में नरवा, गरुआ, घुरवा, बाड़ी तथा गोधन न्याय योजना को शासन की महत्वपूर्ण योजना बताते हुए कहा गया कि इस योजना के क्रियान्वयन में सभी संबंधित विभागों को पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन द्वारा ग्रामीणों की आय को बढ़ाने के लिए प्रारंभ की गई इस योजना के तहत शत-प्रतिशत गोठानों में गोबर खरीदी करने पर जोर दिया गया। छत्तीसगढ़ की तर्ज पर अन्य राज्यों द्वारा प्रारंभ की गई गोबर खरीदी की योजना को देखते हुए इसके महत्व को बताया गया। जिला सीईओ ने जिले समस्त कृषि विस्तार अधिकारियों को प्रतिदिन ऑनलाइन जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गोधन न्याय का मूल कार्य कृषि विभाग का है। उन्होंने जिले के समस्त एसएडीओं को पखवाड़ा समाप्त होते ही गौठानों की सम्पूर्ण जानकारी ऑनलाइन करने कहा। गौठानों में गोबर खरीदी, उसकी गुणवत्ता तथा गौठानों में सक्रिय गोबर खरीदी एवं बेचने वालो की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिले के समस्त गौठानों में जितने भी मल्टीएक्टीवी कार्य चल रहे है। उनकी जानकारी ऑनलाइन करने के निर्देश देते हुए कहा कि आप कितना भी कार्य कर ले जब तक आपकी ऑनलाइन एन्ट्री नहीं होगी आपके कार्य प्रगति नहीं दिखाई देगी इसलिए सभी लोग जानकारी अवश्य अद्यतनक करें। उन्होंने समस्त गौठानों में 30 क्विंटल से अधिक गोबर खरीदी लक्ष्य पूर्ण करने कहा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व को देखते हुए छत्तीसगढ़ की परंपरा रोका छेका के संबंध में भी चर्चा की गई और सुरक्षित कृषि के लिए मवेशियों को खुला नहीं छोड़ने के लिए सभी ग्रामीणों को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। ायोजित करने के निर्देश भी दिए गए। सभी गौठानों में पखवाड़ावार जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए। जिससे पशुओं का टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान आदि कार्य सुगमता पूर्वक किया जा सके। बैठक में समस्त जनपद सीईओ, उप संचालक कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, उप संचालक पशु विभाग, वन विभाग, समस्त प्रोग्राम अधिकारी, समस्त आरईओ, समस्त एसएडीओ सहित जिला पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक ने चौकीदार को मारा थप्पड़ शिकायत दर्ज



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर- वन परीक्षेत्र बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत पी 578 में परिक्षेत्र सहायक के आदेश पर चौकीदार के द्वारा रेडीपहरी में वृक्षारोपण के लिए गड्ढे खुदवा रहा था उसी समय शिक्षक जुगल किशोर पाठक व पुत्र सत्यम पाठक पहुंच कर चौकीदार को गंदी गंदी अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे अब और काम नहीं बंद करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे बोलने लगे हैं हमारा कब्जे की जमीन है यह वृक्षारोपण क्यों करा रहे हो तुम्हें इसी जमीन में गाड़ देंगे कहते हुए मारपीट किए जाने पर चौकीदार सुदर्शन नाई ने थाना चांदनी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थाना चांदनी में धारा 294 506 34 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

# राजीव युवा मितान क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों को कार्यशाला में दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छ.ग. शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा निर्देशित तथा कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा एवं जिला पंचायत सीईओ सूरजपुर सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में प्रभारी खेल अधिकारी श्री शबाब हुसैन द्वारा अनुविभाग सूरजपुर के अंतर्गत विकासखण्ड प्रेमनगर एवं रामानुजनगर में राजीव युवा मितान क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को जनपद कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में क्लब के सफल एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया। जिले में कुल 497 क्लबों का गठन किया गया है, जिसमें से अनुविभाग सूरजपुर के अंतर्गत विकासखंड सूरजपुर, रामानुजनगर व प्रेमनगर में कुल 238 क्लब सम्मिलित है। क्लब में गठित नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा क्लब के संचालन संबंधी किसी भी प्रकार की शंका या जानकारी का अभाव ना रहे इसलिए जिले के यशस्वी कलेक्टर द्वारा प्रभारी खेल अधिकारी को जिले के सभी अनुविभाग में भ्रमण कर क्लब के सभी पदाधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर क्लब द्वारा किये जाने वाले क्रियाकलापों व जिम्मेदारियों से अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में आज विकासखण्ड प्रेमनगर एवं रामानुजनगर के जनपद कार्यालय में क्लब के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा राजीव युवा मितान क्लब के संचालन हेतु उत्पन्न शंकाओं के संबंध में विभिन्न सवाल पूछे गए, जिसका समाधान प्रभारी खेल अधिकारी द्वारा सरलतापूर्वक किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शुरू की गई इस महत्वकांक्षी योजना के माध्यम से प्रदेश के युवा अपनी व्यक्तिगत पहचान और नेतृत्व क्षमता का विकास कर पाएंगे। इसके जरिए खेल, पर्यावरण और संस्कृति को संरक्षित करने का काम किया जाएगा, जिसके लिए प्रत्येक क्लब को एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। प्रभारी खेल अधिकारी ने बताया कि ये क्लब कलेक्टर व एसडीएम के अंतर्गत काम करेंगे। जिले के प्रभारी मंत्री इस क्लब के संरक्षक होंगे। उक्त कार्यशाला में प्रेमनगर जनपद सीईओ श्री संजय राय, रामानुजनगर जनपद सीईओ श्री उत्तम रजक, प्रभारी खेल अधिकारी श्री शबाब हुसैन सहित क्लब के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे- knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-
एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991
सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527